गुरुवार

06 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




भोजपुर के इचरी नरसंहार मामले में पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा बरी 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

### बिहार के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप, कहा- कुछ लोग राज्य का माहौल खराब करने पर तुले हैं

# रामनवमी पर जानबूझकर कराई गई हिंसा: नीतीश

- सासाराम-नालंदा में हुई हिंसा की चल रही है जांच, जल्द सच आएगा सामने
- एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को भाजपा का एजेंट बताया

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में रामनवमी पर हुई हिंसा जानबूझकर कराई गई। यह कहना है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का, उन्होंने बुधवार को कहा कि सासाराम और नालंदा में हुई हिंसा प्रायोजित थी। इसकी जांच चल रही है और जल्द ही सच सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जानबूझकर बिहार का माहौल खराब किया जा रहा है। इसी वजह से रामनवमी के दौरान बिहार में प्रायोजित हिंसा कराई गई। उन्होंने कहा कि 2 लोग बिहार में इधर से उधर कर रहे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को भाजपा का एजेंट बताते हुए नीतीश ने कहा कि जब हमने बीजेपी छोड़ा तब ओवैसी मिलना चाहते थे। आज एक राज कर रहा है और एक उनका एजेंट है। दरअसल, ओवैसी ने पिछले दिनों हुई बिहार हिंसा के लिए नीतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराया था। इतना ही नहीं पिछले महीने सीमांचल दौरे के दौरान भी ओवैसी ने नीतीश कुमार को मुस्लिमों को ठगने वाला कहा था। अब नीतीश ने ओवैसी को करारा जवाब देते हुए कहा कि ओवैसी ही भाजपा के एजेंट हैं।

नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना में जगजीवन राम जयंती समारोह में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए बिहार हिंसा को लेकर बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए कहा कि हिंसा कराकर राज्य का माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि सासाराम और नालंदा हिंसा में बड़े स्तर पर आगजनी और उपद्रव हुआ था। वहीं नालंदा में एक व्यक्ति की मौत भी हुई थी।



### तेजस्वी बोले... बिहार को टारगेट किया जा रहा है, पहले तमिलनाडु से लड़ाने का प्रयास हुआ, अब दंगे कराए गए

सासाराम और नालंदा जिले के बिहारशरीफ में हुई हिंसा को लेकर बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का बयान सामने आया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सासाराम और बिहारशरीफ में हिंसा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार को टारगेट किया जा रहा है, पहले बिहार को तमिलनाडु से लड़ाने का प्रयास किया गया, उसमें असफल होने पर दंगे कराए गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

**अमित शाह बताएं कब मिलेगा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा:** तेजस्वी यादव ने गृहमंत्री अमित शाह से सवाल किया कि शाह को बताना चाहिए कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर शोभायात्रा हुई हिंसा को लेकर सरकार गंभीर है और दंगा करने वालों को पकड़ा जा रहा है। कुछ लोग गुजरात से आकर यहां किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें जहां जाना है वहीं दंगा हो रहा है।

### बिहार शरीफ में आज भर बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

बिहार शरीफ के डीएम शशांक शुभंकर ने कहा कि 6 तारीख तक इंटरनेट बंद है उसके बाद अगर स्थिति सामान्य रही तो इसे चालू किया जाएगा। 11 से ज्यादा कंपनी है और बिहार पुलिस की भी कंपनी है। बता दें कि बिहार पुलिस ने दोनों शहरों में सांप्रदायिक तनाव के सिलसिले में (सोमवार तक) 173 लोगों को गिरफ्तार किया। शनिवार और रविवार को झड़पों के बाद राज्य प्रशासन ने दोनों जिलों में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दीं। पुलिस ने बताया कि प्रदेश में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की 26 से अधिक कंपनियों की तैनाती की गयी है जिनमें बिहार सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी-19), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी-3), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी-1), रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ-3), शामिल हैं।

### बीजेपी विधायक जीवेश मिश्रा को मार्शल ने टांग कर सदन से निकाला, जीवेश बोले- हिंसा पर सवाल पूछने की मिली सजा

बिहार विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को हंगामे के साथ शुरू हुई। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से सासाराम, बिहार शरीफ हिंसा की घटना को लेकर जवाब मांगा। साथ ही गायब डॉक्टर के मामले में भी सरकार से जवाब मांगा गया। मंत्री इसराइल मंसूरी को लेकर भी सरकार की चुप्पी पर सवाल खड़े किए गए। कानून व्यवस्था और अन्य मुद्दों को लेकर बीजेपी के सदस्य वेल में पहुंचकर हंगामा करने लगे। पूर्व मंत्री और विधायक जीवेश कुमार के हंगामा करने पर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने उन्हें सदन से बाहर निकालने का आदेश मार्शल को दिया। इस पर मार्शल ने जीवेश मिश्रा को टांग कर सदन से बाहर निकाल दिया। मार्शल द्वारा बीजेपी एमएलए को इस तरह से सदन के बाहर करने का सदस्यों ने विरोध किया। बीजेपी के सदस्य वेल में पहुंचकर टेबल पटकने लगे और जबरदस्त हंगामा किया जाने लगा। उसके बाद सदन की कार्यवाही 2:00 बजे तक के लिए विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने स्थगित कर दी। सदन से बाहर निकाले जाने पर जीवेश मिश्रा ने कहा कि मैंने सीएम नीतीश से जवाब मांगा तो मार्शल आउट का सहारा लिया गया। मुझे ताजुब हो रहा है। आज लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। मुझे मेरे सवालों का जवाब नहीं मिला। जीवेश मिश्रा ने कहा कि सीएम से मैंने सासाराम और नालंदा हिंसा को लेकर सवाल किया था। इसका यह सिला मिला।

### आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की उपद्रव मामले की जांच हिंसा के लिए लोगों को भड़काने वालों को तलाश रही पुलिस

रामनवमी पर सासाराम और बिहार शरीफ में हुए हिंसा मामले में पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। हिंसा के लिए लोगों को भड़काने वालों की भी खोज शुरू हो गई है। इन्हें तलाशने के लिए पुलिस की एक टीम टेक्निकल तरीके से पड़ताल में जुटी है। इसके लिए बिहार पुलिस के आर्थिक अपराध इकाई की एक टीम को खास तौर पर लगाया गया है।

सूत्रों के अनुसार ये टीम 24 घंटे लगातार काम कर रही है। जो हिंसा से पहले और उस दरम्यान के सोशल मीडिया पर डाले गए भड़काऊ पोस्ट और वीडियो की जांच कर रही है। ये पोस्ट किन लोगों ने डाले? उनकी पहचान की जा रही है। क्योंकि, एडव के पास हिंसा से जुड़े कई प्रकार के पोस्ट और वीडियो हाथ लगे हैं। कुछ भड़काऊ मैसेज भी हैं।

दरअसल, रोहतास के सासाराम और नालंदा के बिहार शरीफ में जब हिंसा हुई तो दोनों जिलों की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। उसी दरम्यान उनके हाथ कई लोगों के मोबाइल फोन भी लगे। जिसे खंगालने पर कई तरह के डिजिटल एविडेंस मिले। टेक्निकल तौर पर डिजिटल एविडेंस के जरिए और क्लू जुटाना, पोस्ट करने वालों की पहचान करना। जिला पुलिस के लिए आसान नहीं था। इसलिए पुलिस मुख्यालय के आदेश पर इसमें एडव के साइबर सेल की मदद ली जा रही है। इसके एक्सपर्ट डिजिटल एविडेंस को और भी पुख्ता करने में जुटे हैं। इस मामले में बुधवार को ईओयू के एक अधिकारी से बात की गई है। उनके अनुसार उनकी टीम हिंसा से पहले सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म डाले गए मैसेज, पोस्ट और वीडियो की जांच कर रही ही है। लोगों को भड़काने वालों की पहचान कर रही है। नफरत फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई पुलिस की तरफ से की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और वीडियो पोस्ट करने वालों पर हर पल नजर रखी जा रही है।

## 14 विपक्षी पार्टियों को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका, याचिका खारिज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली 14 विपक्षी पार्टियों की याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को आम नागरिक से अलग दर्जा नहीं दिया जा सकता। कानूनी प्रक्रिया सबके लिए एक समान है। सुप्रीम कोर्ट में जिन पार्टियों ने याचिका दाखिल की थी, वह हैं- कांग्रेस, डीएमके, आरजेडी, जेडीयू, तृणमूल कांग्रेस, आप, समाजवादी पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, बीआरएस, एनसीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और नेशनल कांफ्रेंस। इन पार्टियों ने कहा था कि सीबीआई और ईडी के जरिए लगातार विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट गिरफ्तारी और जमानत पर दिशानिर्देश तय करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर विचार करने से मना कर दिया।

याचिकाकर्ता पार्टियों की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि राजनीतिक नेताओं पर केस लोकतंत्र के लिए खतरा है। इस पर चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा, यह राजनीतिक लड़ाई है। उसे वहीं लड़िए। इस लड़ाई की जगह सुप्रीम कोर्ट नहीं है। अगर किसी नेता को व्यक्तिगत समस्या है तो उसे हमारे सामने रखा जा सकता है, लेकिन आप यह नहीं कह सकते की नेताओं को गिरफ्तारी से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट दिशानिर्देश जारी कर दे।

## मुलायम सिंह मरणोपरान्त पद्म विभूषण से किए गए सम्मानित

**एजेंसी/नई दिल्ली**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को मरणोपरान्त पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। उनकी तरफ से यह सम्मान ग्रहण करने उनके बेटे अखिलेश यादव राष्ट्रपति भवन पहुंचे। अखिलेश यादव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों यह सम्मान लिया। इस कार्यक्रम में अखिलेश यादव के साथ उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। यूपी के पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव को अलग-अलग स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सिंतबर महीने में गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांसें लीं।



2023 में मुलायम सिंह यादव के अलावा कर्नाटक के पूर्व सीएम एसएम कृष्णा, मणिपुर में बीजेपी के अध्यक्ष थौनाओजम चौबा सिंह और त्रिपुरा के दिवंगत नेता नरेंद्र चंद्र देबबर्मा को भी दिया गया है।

## योगी की चेतावनी... किसी ने युवाओं के जीवन से खिलवाड़ किया तो उसे जेल के चक्कर काटने पड़ेंगे

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के पहले चयन आयोगों पर सवाल उठते थे, युवाओं को आंदोलन करना पड़ता था। चयन प्रक्रिया के पारदर्शी न होने की वजह से युवाओं को धरना-प्रदर्शन और आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता था। भाई-भतीजावाद का बोलबाला था। पैसे का लेनदेन होता था। कुछ लोगों के घरों से सूची बन कर जाती थी, जो योग्य नहीं होते थे उनको आयोग का अध्यक्ष बनाया जाता था।

सीएम योगी ने बुधवार को मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति



पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने 13 से ज्यादा विभागों के चयनित हुए 795 अभ्यर्थियों को बधाई दी और कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करना देश के किसी भी अधिकारी या कार्मिक के लिये गर्व की बात है। ये मान्यता है कि जिस अधिकारी या कार्मिक ने उत्तर प्रदेश के अंदर ईमानदारी से कार्य कर लिया वह देश और दुनिया के अंदर कहीं भी सफलता के नये झंडे गाड़ सकता है। यहां कार्य करने वाले कार्मिकों के बारे में यह धारणा इसलिए है क्योंकि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 मैं मैंने कहा था कि यदि किसी ने युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ किया तो उसको जेल के चक्कर काटने पड़ जाएंगे। उसे इस प्रकार की स्थिति में पहुंचाएंगे कि उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति शासन की सेवाओं में आने का सपना नहीं देख पाएगा। आज सरकार की कार्यपद्धति ने यूपी की छवि पर लगे सभी प्रश्नों का उत्तर दे दिया है। योगी ने कहा कि पिछले छह सालों के अंदर हमारी प्रशासनिक टीम ने शासन के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया है।

## सीवान में पुलिस की टीम पर हमला, चार पुलिसकर्मी घायल


**केटी न्यूज/सीवान**

सीवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पिता-पुत्र के झगड़े मामले में पहुंची पुलिस की टीम पर बुधवार को असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया. हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि डायल 112 के पुलिसकर्मी को मामले की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां असामाजिक तत्वों ने ईट-पत्थर और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। दो महिला पुलिसकर्मी को बंधक भी बना लिया। पुलिसकर्मी किसी तरह जान बचाकर भागे।

मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखराव गांव का है. मिली जानकारी के अनुसार 112 की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि लखराव गांव में पिता-पुत्र में झगड़ा हो गया है, जिसके बाद 112 की पुलिस टीम वहां पहुंची। पुलिस की टीम के पहुंचते ही पिता और कुछ अन्य लोगों ने पुलिस टीम पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने मुफ्फसिल थाने को इसकी सूचना दी। हमला में दो महिला पुलिसकर्मी को बंधक भी बना लिया गया था। इस घटना में चालक संतोष प्रसाद, एएसआई प्रमोद कुमार सिंह, एसआई जयश्री प्रसाद सिंह घायल हो गए। वहीं, इस मामले को लेकर घायल संतोष प्रसाद ने बताया कि 112 पर कॉल आया था कि पिता-पुत्र में मारपीट हो रही है, जिसकी सूचना पर हम लोग मौके पर पहुंचे तो वहां असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया।

### चार धाम यात्रा की शुरुआत 22 अप्रैल से, पैदल के साथ-साथ श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से भी पहुंच सकेंगे केदारनाथ धाम

## 25 को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे केदारनाथ धाम के कपाट



- चारधाम यात्रा के लिए कुल 6.34 लाख श्रद्धालुओं ने कराया है पंजीकरण

**एजेंसी/देहरादून**

उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालय में स्थित विश्वप्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट 6 महीने बाद इस साल 25 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे. श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति से जुड़े अधिकारी ने बताया कि केदारनाथ मंदिर के कपाट 25 अप्रैल को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जाएंगे। राज्य के पर्यटन विभाग के अधिकारी ने बताया पैदल के साथ-साथ श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से भी केदारनाथ धाम पहुंच सकेंगे। दरअसल केदारनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों की हेलीकॉप्टर से यात्रा की सुविधा के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) को ऑनलाइन बुकिंग के लिए अधिकृत किया गया है। चारधाम यात्रा इस साल 22 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ शुरू हो जाएगी। वहीं केदारनाथ 25 अप्रैल को और बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 27 अप्रैल पहले ही तय हो चुकी है।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने मार्च में कहा था कि आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए कुल 6.34 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। पर्यटन विभाग ने बताया था, चार धाम यात्रा के लिए अब तक 6.34 लाख से अधिक भक्तों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 2.41 लाख पंजीकरण केदारनाथ धाम के लिए और 2.01 लाख बद्रीनाथ धाम के लिए, 95,107 यमनोत्री के लिए और 96,449 गंगोत्री धाम के लिए किए गए हैं। उधर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य जांच के लिए हेल्थ एटीएम स्थापित किया जाएगा।




# तीन साल के अंतराल में मिले कालाजार के मरीजों के आधार पर चल रहा आईआरएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

- 13 तक छोटका नुआंव में आईआरएस के तहत होगा दवाओं का छिड़काव



कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में इनडोर रेसिडेंशियल स्प्रे (आईआरएस) के पहले चरण के तहत दवाओं का छिड़काव अब अपने अंतिम चरण में है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत दो गांवों का चयन किया गया है। जिसमें चुरामनपुर और छोटका नुआंव को शामिल किया गया है। 15 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 13 अप्रैल तक चलेगा। हालांकि, 21 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में चुरामनपुर गांव के सभी घरों में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) पाउडर के छिड़काव का काम पूरा हो गया है। फिलवक्त छोटका नुआंव में दवाओं के छिड़काव के लिए टीम को लगाया गया है। इन दोनों गांवों के 1323 घरों के 4555 कमरों में आईआरएस चलाया जाएगा। गौरतलब है कि दवाओं का छिड़काव उन्हीं गांवों में कराया जाता है, जहां तीन साल के अंतराल में कालाजार का कोई मरीज मिला हो। चुरामनपुर में 2022 व छोटका नुआंव में 2021 में एक-एक मरीज मिले थे। जिसके तहत इन गांवों का चयन किया गया।

**चिह्नित गांव के लिए विशेष अवधि निर्धारित :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को बताया कि इसके लिए सदर प्रखंड के दोनों चयनित गांवों में माइक्रोप्लान के तहत अभियान चलाया जाना है। हर चिह्नित गांव के लिए विशेष अवधि निर्धारित है। ताकि, उक्त गांव के सभी घरों में ठीक से दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि छिड़काव के दौरान एक भी घर छूटे नहीं, इसको लेकर छिड़काव टीम को भी आवश्यक और जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा छिड़काव अभियान के दौरान सामुदायिक स्तर पर लोगों को कालाजार से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी भी दी जाएगी। जिसके दौरान कालाजार के कारण, लक्षण, बचाव एवं इसके उपचार की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। छिड़काव के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, ये भी बताया जाएगा।

**लक्षणों की पहचान व इलाज से संबंधित दी जाएगी पूरी जानकारी:** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि छिड़काव के दौरान मरीजों के परिजनों को कालाजार के लक्षणों की पहचान व इसके इलाज संबंधित पूरी जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कालाजार की जांच की सुविधा पीएचसी में निःशुल्क उपलब्ध है। वहीं, सदर अस्पताल में समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जिसके कारण संक्रमित मरीज मिलने पर उन्हें संबंधित पीएचसी द्वारा सदर अस्पताल रेफर किया जाता है। मरीजों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है। पीकेडीएल मरीजों को पूर्ण उपचार के बाद सरकार द्वारा 4000 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में दिये जाने का प्रावधान है। जिससे भविष्य में कालाजार की पहचान व उसके इलाज के प्रति वो अन्य ग्रामीणों को इस संबंध में जागरूक करेंगे।

# भोजपुर के इचरी नरसंहार मामले में पूर्व मंत्री बरी, नौ आरोपित को उम्रकैद

**केटी न्यूज/आरा**

- ट्रैक्टर सवार 14 भाजपा समर्थक किसानों को घेर मारी गई थी गोली
- साक्ष्य की कमी के कारण पूर्व मंत्री को केस से किया गया बरी



जिले के चर्चित इचरी नरसंहार में कोर्ट का फैसला आ गया। इस मामले में जदयू के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा को बरी कर दिया गया। जबकि नौ अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सजा पाये नौ अभियुक्तों के खिलाफ 25-25 रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। आरा एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह ने बुधवार दोपहर यह फैसला सुनाया। सजा पाने वाले अभियुक्तों में बुद्ध साह, राजेंद्र साह, पुलिस महतो, गौरी महतो, बहादुर राम, सत्यनारायण राम, बालेश्वर राम, दुलारचंद यादव और भरोसा राम शामिल हैं। सभी आरोपित आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव के रहने वाले हैं। नरसंहार की यह घटना 29 मार्च 1993 की देर शाम जगदीशपुर थाना क्षेत्र के आटापुर बाबा मठिया के पास हुई थी। उस घटना में ट्रैक्टर पर अंधाधुंध फायरिंग कर भाजपा समर्थक चौदह किसानों को रास्ते में घेर कर गोली मारी गयी थी। उसमें पांच किसानों की घटनास्थल पर मौत हो गयी थी, जबकि नौ लोग जख्मी हो गए थे। सभी मृतक और जख्मी किसान भी इचरी गांव के ही रहने वाले थे। आरोप तब की आइपीएफ पार्टी के समर्थकों पर लगाया गया था।

पूर्व मंत्री श्रीभागवान सिंह कुशवाहा तब आइपीएफ में थे और जगदीशपुर विधानसभा के विधायक भी थे। केस की सुनवाई में पीपी नागेश्वर दूबे, एपीपी प्रशांत रंजन और सियाराम सिंह की ओर से बहस की गयी। पीपी नागेश्वर दूबे के अनुसार 29 मार्च 1993 को पांच लोगों की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। अंधाधुंध गोलीबारी में आठ अन्य किसान जख्मी हो गए थे। पूर्व मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा सहित 24 लोगों को आरोपित किया गया था। बुधवार को उसमें पूर्व मंत्री सहित दस आरोपित की सजा की बिंदु पर सुनवाई की गयी। पूर्व मंत्री को संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट द्वारा रिहा कर दिया गया। वहीं नौ अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा की सुनाई गयी। सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री सहित सभी आरोपित कोर्ट में मौजूद थे। इधर, चर्चित इचरी नरसंहार पर आने वाले फैसले को लेकर बुधवार को कोर्ट परिसर में गहमागहमी बनी रही। पूर्व मंत्री के समर्थकों के अलावे इचरी गांव के भी काफी लोग जमा थे।

## पूर्व में मिली सजा के खिलाफ लंबू ने हाईकोर्ट में की थी अपील

# आरा कोर्ट बम ब्लास्ट मामले में लंबू शर्मा की फांसी की सजा बरकरार

**केटी न्यूज/आरा**



- हाईकोर्ट ने पूर्व की सजा के बिंदु पर अलग से चार्ज करने का दिया था आदेश
- हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में सुनवाई के बाद फांसी की सजा बहाल

जिले के बहुचर्चित आरा सिविल कोर्ट बम ब्लास्ट कांड के मुख्य अभियुक्त कुख्यात लंबू शर्मा की फांसी की सजा बरकरार रही। हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोबारा सुनवाई में आरा की अदालत ने उसकी सजा बहाल रखी है। एडीजे आठ वीरेंद्र चौबे की अदालत ने बुधवार को सजा का एलान किया। इससे लंबू शर्मा को बड़ा झटका लगा है। बम ब्लास्ट कांड में लंबू शर्मा को 2019 में आरा के कोर्ट से फांसी की सजा हुई थी। उसके खिलाफ लंबू शर्मा की ओर से हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। उस मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व की सजा पर अलग से चार्ज करने का आदेश निचली अदालत को दिया गया था।

उस आदेश के आलोक में आरा की अष्टम अपर जिला व सत्र न्यायालय की ओर से पिछले साल दो नवंबर को उसके खिलाफ नारे सिरे से आरोप गठित किया गया था। उस मामले में बुधवार को सुनवाई के बाद कोर्ट द्वारा लंबू शर्मा को पूर्व में दी गयी फांसी की सजा बहाल रखी। सुनवाई के पीपी नागेश्वर दूबे और एपीपी प्रशांत रंजन की ओर से बहस की गयी। उस दौरान लंबू शर्मा भी कोर्ट में मौजूद था। उसके लिए उसे अररिया जेल से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरा कोर्ट लाया गया था।

**कोर्ट में धमाका में जवान सहित दो की गयी थी जान :** 23 जनवरी, 2015 को आरा सिविल कोर्ट परिसर स्थित हाजत के समीप बम विस्फोट हुआ था। उस विस्फोट में भोजपुर पुलिस का जवान अमित कुमार शहीद हो गया था। वहीं बम लेकर पहुंची यूपी की महिला नगीना देवी की भी मौत हो गयी थी। उसके चीथड़े उड़ गए थे। विस्फोट में 20 लोग घायल हो गए थे। बम विस्फोट के बाद जेल से पेशी के लिए लाए गए कुख्यात अपराधी लंबू शर्मा और अखिलेश उपाध्याय फरार हो गए थे। उस मामले में पीरो के गांधी चौक निवासी लंबू शर्मा और नोनार के अखिलेश उपाध्याय सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जांच में रिकू यादव, चांद मियां, नईम मियां, अंशु कुमार, प्रमोद सिंह व श्याम विनय शर्मा सहित अन्य लोगों का नाम आया था। सुनवाई के बाद बीस अगस्त 2019 को लंबू शर्मा को फांसी जबकि रिकू यादव, चांद मियां, नईम मियां, अंशु कुमार, प्रमोद सिंह व श्याम विनय शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उनमें प्रमोद सिंह की मौत हो चुकी है।

**मुख्तार अंसारी की सुपारी ले चुका है लंबू :** लंबू शर्मा कोई मामूली अपराधी नहीं है। उसने उत्तर प्रदेश के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को मारने की सुपारी ले चुका है। इसके अलावा तीन बार जेल से भाग चुका है। उसने पहला मर्डर 12 साल की उम्र में लड़की के लिए किया था। आठ साल पहले 2015 में मुख्तार अंसारी को मारने का सौदा पूरे छह करोड़ रुपए में तय हुआ था। इसमें से 50 लाख रुपए एडवांस देने की बात हुई थी। खतरनाक मकसद को पूरा करने के लिए सच्चिदानंद शर्मा उर्फ लंबू शर्मा आरा जेल से पेशी के लिए कोर्ट में लाए जाने के बाद मानव बम ब्लास्ट कर फरार हो गया था। कुछ महीने बाद ही उसे दिल्ली और बिहार पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में लंबू शर्मा को फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है।

# महिला की पीट-पीटकर हत्या, चाचा समेत चार पर केस

**केटी न्यूज/आरा**

- कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव की घटना



जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव में मंगलवार की देर रात एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृत महिला कुल्हड़िया गांव निवासी रमेश पवार की बेटी वंदना देवी थी। पति से अलग होने के बाद वह अपनी मां के साथ अपने मायके कुल्हड़िया में रहती थी। उसकी शादी महाराष्ट्र निवासी एक युवक के साथ हुई थी। उसका पति कुछ साल पहले उसे छोड़ कर भाग गया है। हत्या का मूल कारण जमीन संबंधी विवाद बताया जा रहा है। उसके दो चाचा सहित चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। महिला की मां सीता देवी ने बताया कि उसने गांव में कुछ जमीन खरीदी है। उसे लेकर उसके पट्टीदार के लोग जलते थे। उसी जमीन को लेकर उनसे विवाद भी चल रहा है। मंगलवार की रात उनकी बेटी वंदना की हत्या कर दी गई।

सीता देवी ने अपने देवर बोसरा, इंद्रजीत, उसके दो साथी कपूर और चिरंजी पर धारदार हथियार से अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर, थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि महिला की मौत के बाद परिजन उसे दफनाने जा रहे थे। तभी गांव के कुछ लोगों से सूचना मिली कि महिला की हत्या कर शव को दफनाने की तैयारी की जा रही है। उस आधार पर शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं पुलिस समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार महिला की मौत चोट लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

**बाहर सो रही थी वंदना, तभी की गई हत्या :** मृतका की मां सीता देवी ने बताया कि वह मंगलवार की रात पूजा करने गई थी। बच्चे घर का दरवाजा बंद कर नाच रहे थे। वंदना घर के बाहर चौकी पर अकेली सो रही थी। उसी दौरान उनके दो देवर दो अन्य युवक धमक गये। तीन लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसे धारदार हथियार से सीने पर वार कर दिया। उससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। उसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

# स्कार्पियो ने जीजा और साले को मारी टक्कर, गंभीर अवस्था में रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के आरा-मोहनिया मुख्य मार्ग जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला मोड़ के समीप मंगलवार की देर शाम बेलगाम स्कार्पियो ने बाइक सवार जीजा और साले को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों जख्मियों को इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में गजराजगंज ओपी अंतर्गत नवादाबेन गांव निवासी राजनाथ महतो के 30 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार और संदेश थाना क्षेत्र के पंडोरा रामपुर गांव निवासी शिवकरण महतो के 27 वर्षीय पुत्र चुन्नू महतो है। चुन्नू रिश्ते में जितेंद्र का जीजा लगता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों जीजा और साला जगदीशपुर में रहकर ईंख का जूस बेचने का काम करते हैं। देर शाम नयका टोला बाजार से खाना खाने के लिए होटल में जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कार्पियो ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में साला जितेंद्र कुमार को गंभीर चोटे आई है। प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया।

## डॉ पंकज सिंह ने कहा- खानदानी नहीं, संक्रामक रोग है टीबी; सावधानी और बचाव जरूरी

# लोगों को भ्रांतियों से बचने की सलाह, टीबी की रखें सही जानकारी

**केटी न्यूज/गया**



रवि कुमार औरंगाबाद के देव प्रखंड से मगध मेडिकल कॉलेज में टीबी की जांच पहुंचे। उन्हें कई दिनों से बुखार के साथ तेज खांसी है। उनकी तेज खांसी अस्पताल आये दूसरे लोगों का ध्यान खींच ले रही है। उन्हें कई समय पूर्व टीबी हुआ था, दवा भी चला लेकिन टीबी का यह रूप अब एमडीआर में बदल गया है। रवि की खांसी की चर्चा और टीबी रोग पर परिसर में मौजूद दूसरे लोग भी चर्चा करने लगते हैं। वहां मौजूद कई लोग इसे खानदानी रोग मानते हैं। खानदानी रोग से उनका तात्पर्य आनुवांशिक या वंशानुगत है। लेकिन टीबी आनुवांशिक या वंशानुगत बीमारी नहीं होकर संक्रामक बीमारी है।

**टीबी वंशानुगत या आनुवांशिक रोग नहीं:** टीबी एक संक्रामक रोग है और यह संक्रमण कहीं भी किसी भी टीबी संक्रमित व्यक्ति से हो सकता है. टीबी को खानदानी रोग समझने के पीछे का कारण यह है कि कई बार परिवार में माता-पिता या परिवार के किसी दूसरे नजदीकी सदस्य के टीबी संक्रमित होने पर परिवार के अन्य सदस्यों तक यह संक्रमण फैल जाता है। माता पिता से उनके बच्चों में टीबी संक्रमण को लोग खानदानी रोग मान लेते हैं। टीबी का रोग वंशानुगत या आनुवांशिक नहीं होता है।

**मिथ्याओं से बचें, सही जानकारी ही बचाव:** संचारी रोग सह टीबी नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया टीबी संक्रमण को लेकर अभी भी लोगों में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। टीबी रोग संक्रामक जरूर है लेकिन यदि नियमित रूप से दवा सेवन, पौष्टिक खानपान और व्यायाम को जीवनशैली में शामिल किया जाए तो यह रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। लोगों में टीबी मरीज के पास जाने, उनसे बातचीत करने या गले मिलने आदि से भी परहेज करने की बात कही जाती है या ऐसा करने में आम लोगों में डर महसूस होता है। टीबी मरीजों को अलग-थलग रखने के तौर तरीकों में सामाजिक भेदभाव भी नजर आता है, लेकिन ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। टीबी मरीजों के साथ सावधानी पूर्वक मिला जुला जा सकता है। उन्हें अपनत्व का बोध कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी आनुवांशिक रोग नहीं होता है। घर में माता-पिता से बच्चों में टीबी संक्रमण होने को लोग इसे खानदानी बीमारी का नाम दे देते हैं।

**मरीजों के परिजन को टीबी प्रीवेंशन ट्रीटमेंट:** जिला में टीबी प्रिवेंशन ट्रीटमेंट की शुरूआत की गयी है। इस कार्यक्रम के तहत टीबी के मरीजों के साथ रहने वाले उनके परिजनों को टीबी से बचाव की जानकारी देते हुए टीबी प्रीवेंशन ट्रीटमेंट के तहत दवा दिये जाने की योजना है ताकि परिजनों में टीबी का संक्रमण नहीं हो सके। इसे बिहार के पांच जिलों के बाद गया जिला में भी लॉन्च कर दिया गया है।

## एक नजर

### भोजपुर में बालू घाट पर लूट की साजिश रचते कुख्यात सत्येंद्र पांडेय के भाई सहित नौ गिरफ्तार



**आरा।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक दियारे में स्थित बालू घाट से पुलिस ने कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को मंगलवार की रात लूट की साजिश करते पकड़ा गया। उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो कट्टा, सात गोली और तीन खोखा भी बरामद किया गया है। पुलिस के हत्थे चढ़े माफियाओं में कोईलवर थाने पचरुखिया कला गांव निवासी संजय पांडेय, रंजीत कुमार, राजापुर गांव निवासी शुभम सिंह, सेमरा निवासी शनि कुमार, बड़हरा थाना क्षेत्र के मखदुमपुर निवासी दीपक कुमार सिंह, मोहनपुर करजा गांवनिवासी प्रियरंजन सिंह उर्फ छोटू सिंह, सबलपुर गांव निवासी संतोष तिवारी, रोहतास के अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के मधुरामपुर गांव निवासी विवेक यादव और रांची के डोरंडा निवासी शिवम मिस्त्री शामिल हैं। इनमें संजय पांडेय कुख्याय सत्येंद्र पांडेय का भाई है। वह भी कुख्यात अपराध कर्मी है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही गिरोह के कुछ अन्य सदस्य मौके से भाग निकले। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात कमालुचक दियारे में बालू घाट पर लूट पाट करने के उद्देश्य से सत्येंद्र पांडेय गिरोह के 20-25 सदस्य हथियार के साथ जमा हैं। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएससी हिमांशु के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गयी। उस दौरान अन्य सदस्य तो अंधेरे का लाभ उठाकर भाग, लेकिन नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के अलावे डीआईयू, सीआईटी और बज्र टीम के पुलिस कर्मी शामिल थे। जानकारी के अनुसार कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालचुक दियारे इलाके में स्थित बालू घाट पर मंगलवार की रात माफियाओं की महफिल सजी थी। डांस का प्रोग्राम चल रहा था और हथियार भी लहराये जा रहे थे। तभी पुलिस की इंट्री हो गयी। उससे माफियाओं की महफिल में भगदड़ मच गयी। हालांकि जबतक माफिया भाग पाते, तबतक पुलिस नौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी थी।

### रामकथा के दौरान उमड़ी भारी भीड़, पांच हजार लोगों की क्षमता का बना पंडाल पड़ा छोटा



**जहानाबाद।** रामकथा महोत्सव के छठवें दिन निष्णात कथा वाचक आचार्य गुप्तेश्वर जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जनकपुर वास, गुरु महर्षि विश्वामित्र के लिए फूल लाने के उद्देश्य से जनक-वाटिका में राम-लक्ष्मण का जाना, वाटिका के माली और मालीन द्वारा दोनों भाइयों को प्रवेश द्वार पर रोका जाना और दोनों के द्वारा भगवान श्रीराम से उनका पूर्ण परिचय पूछना, जनकपुर प्रवास का कारण बताने के लिए विवश करना, पूरी तसल्ली के बाद वाटिका में प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार खोलना, फूल तोड़ने के दौरान गौरी पूजन हेतु सखियों समेत सीता का आना, जनक किशोरी सीता से मिलना और आंखों से एक दूसरे को निहारना आदि कथाओं का भाव विभोर होकर विवेचन किया। आचार्य ने इस कथा वर्णन के क्रम में कहा कि राजा जनक की नगरी जनकपुर के सभी नर-नारी शुद्धात्मा हैं। अतः जनकपुर में भगवान और भक्त का मिलन हो रहा है। जनकनंदिनी सीता तो शक्ति स्वरूपा हैं। दोनों का मिलन परात्पर ब्रह्म और शक्ति स्वरूपा का मिलन है। कथा विस्तार के क्रम में आचार्य गुप्तेश्वर जी महाराज ने रामचरितमानस में वर्णित राम तत्व के श्रवण, कीर्तन,पादसेवन,अर्चन,वन्दन, दास्य और सख्य, आत्मनिवेदन भाव को सगुण भक्तों के लिए फलदाई बताया।इस सम्बन्ध में भागवत के इस श्लोक को उद्धृत किया। आचार्य आज के कथावचन में श्रद्धालु श्रोताओं को पूरी से तरह से भगवान राम को अपना आराध्य मान संशय रहित भक्ति करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भगवान् के जितने भी अवतार हुए हैं, उनमें लोक-रक्षक रूप की सर्वाधिक अभिव्यक्ति राम में ही हुई है। राम में ही भगवान् की महती विभूतियां-शील, शक्ति और सौंदर्य का पूर्ण रूप देखने को मिलता है।यही कारण है कि अज्ञान और अभक्ति के कारण जो दुःख आपके जीवन में है, वह रामभजन से ही दूर होगा। रामचरितमानस में इसी विज्ञान का प्रकाशन है।

### आपसी विवाद में चाकू से काट डाला सगे भाई का प्राइवेट पार्ट, गंभीर स्थिति में इलाजरत



**आरा।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में मंगलवार की देर रात आपसी विवाद में युवक ने अपने सगे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। उसमें उसका प्राइवेट पार्ट कट गया। उसके शरीर के दो अन्य जगहों पर चाकू लगा है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी बभनौली गांव निवासी राम शुभक साव का 29 वर्षीय पुत्र मनोज साव है। हालांकि घटना का कारण पूरी तरह क्लीयर नहीं हो सका है। वैसे चर्चा के अनुसार भाभी द्वारा उससे बात नहीं किये जाने के कारण उसने हमला किया था। इधर, जख्मी मनोज साव ने बताया उसका छोटा भाई गुड्डू हमेशा नशे में धुत रहता था। उस कारण उसकी पत्नी चंद्रावती देवी उससे कुछ महीनों से बात नहीं करती है। उसको लेकर नाराज चल रहा था और वह बराबर कहता था कि मैं उसे मारूंगा। मंगलवार की देर रात नशे में धुत होकर घर आया और उसकी पत्नी से हाथापाई करने लगा। उसने विरोध किया, तो छोटे भाई ने भाभी पर चाकू से हमला कर दिया। वह अपनी पत्नी का बचाने गया तो उसने उसको ही चाकू मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका प्राइवेट पार्ट भी कट गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### ठगी के शिकार हुए लोग पहुंचे थाना

**जहानाबाद।** प्रॉपर्टी डीलर द्वारा जमीन देने के नाम पर दर्जनों लोगों से करोड़ों रुपए लेकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर शहर के दर्जनों लोगों ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि दक्षिणी दौलतपुर के रहने वाले रामसहाय कुमार जो जमीन खरीद-बिक्री का काम करता था। उसने जमीन देने के नाम पर दर्जनों लोगों से करोड़ों रुपए ले लिए। जब पैसा देने वाले लोग जमीन रजिस्ट्री करने का दबाव बनाने लगे तो प्रॉपर्टी डीलर टाल-मटोल करने लगा। इसके बाद रातों-रात अपनी सारी संपत्ति बेचकर घर छोड़ कर रफू चक्कर हो गए। खास बात यह की किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब लोगो को इस बात की जानकारी हुई तो प्रॉपर्टी डीलर की खोजबीन शुरू कर दी। इसी क्रम में गुरुवार को पता चला कि प्रॉपर्टी डीलर अपनी सारी संपत्ति बेचकर फरार हो गया है, जिसका कहीं कोई अता-पता नहीं है। साथ ही उनका मोबाइल भी बंद बता रहा है। जिसके बाद ठगी का शिकार हुए लोग नगर थाना पहुंच गए और पुलिस को आपबीती बताई। पुलिस आरोपी प्रोपर्टी डीलर के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## खबरें फटाफट

### राजपुर में युवक ने लगाया फांसी

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया है। घटना बीती रात की है। घरवालों को इसकी जानकारी अहले सुबह तब हुई जब घरवाले उसे जगाने का प्रयास कर रहे थे और कमरे के अंदर से कोई जबाव नहीं आ रहा था। घरवालों की आवाज सुन पड़ोसी भी जुट गए। इसके बाद सभी ने मिल दरवाजा तोड़ा तो अंदर युवक पंखे से लटकता मिला। इसके बाद पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान राजपुर के स्व ललन त्रिपाठी के 20 वर्षीय पुत्र अमित त्रिपाठी के रूप में हुई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है।

### असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर तैयार हो रहा डाटा बेस

**बक्सर।** जिले में पंचायत स्तर पर असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनका डाटा बेस तैयार किया जा रहा है। इसके लिए सोशल मीडिया पर आने वाले सभी पोस्ट पर प्रशासनिक अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। वार्ड व पंचायत स्तर पर, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में थाना स्तर पर असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर डाटा बेस बनाते हुए सभी थानाध्यक्ष, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रतिवेदन देने के साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश भी दिया गया है। जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक दीपक वर्णनाल ने अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को जुलूस के वीडियो का एनालिसिस करते हुए अपने सुझाव सहित प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है।

# बच्चों ने पेंटिंग से दिया जागरुकता संदेश, गंगा नदी को स्वच्छ व निर्मल बनाएं

- गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन
- गंगा समिति बक्सर के तत्वावधान में फाउंडेशन स्कूल परिसर में हुई प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रुचि

**केटी न्यूज/बक्सर**





गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिला गंगा समिति बक्सर के तत्वावधान में बुधवार को फाउंडेशन स्कूल बक्सर में छात्र/छात्राओं के बीच एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा चार्ट पेपर पर गंगा को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कई तरह की पेंटिंग से लोगों में गंगा को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अलख जगाया गया। छात्र/छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरे से भी जागरूक करने का प्रयास किया। गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाने हेतु कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित डीडीसी डा महेन्द्र पाल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से हमें लोगों के बीच जन जागरूकता के भाव को बढ़ाने की आवश्यकता है। गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाने में आम लोगों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, हमें खुद जागरूक होकर लोगों को इस मुहिम में भाग लेने के लिए अभिप्रेरित करना होगा। कार्यक्रम में शैलेश कुमार राय जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे, प्राचार्य विकास ओझा, फाउंडेशन स्कूल के एकेडमिक हेड एस के दुबे, शिक्षक अभिराम सुंदर, सोनू द्विवेदी, चंदन सिंह, किरण कुमारी, प्रकाश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### आर्सेनिक व फ्लोराइड से बढ़ रहा चर्म रोग, पेट की बीमारी

जिला योजना पदाधिकारी ने गंगा में प्रदूषण स्तर बढ़ा है। जिसका खामियाजा तटीय इलाके के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गंगा के पानी में आर्सेनिक व फ्लोराइड की बढ़ती मात्रा दियारा क्षेत्र में चर्म रोग, पेट की बीमारी तथा कैंसर आदि का कारण बन रही है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय है कि हम गंगा मईया को स्वच्छ व सुंदर रखें।

**आनंद को पहला स्थान :** पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आनंद प्रकाश, द्वितीय स्थान हर्षिता आर्या, तृतीय स्थान लावण्या मात्या ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

### प्रशासन ने शुरू की तैयारी, लोगों के ध्यानार्थ कई स्थानों पर चस्पाया गया मतदाता सूची

# इटाढ़ी नगर पंचायत में निकाय चुनाव की हलचल तेज, प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित

**केटी न्यूज/बक्सर**

नवगठित इटाढ़ी नगर पंचायत में पहली बार होने वाले नगर पंचायत चुनाव की प्रशासनिक सुगबुगाहट बढ़ गई है। प्रखंड प्रशासन द्वारा इसकी तैयारियां तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस प्रारूप मतदाता सूची को लोगों के ध्यानार्थ प्रखंड कार्यालय के साथ ही जिला पंचायत कार्यालय बक्सर, कार्यालय नगर पंचायत इटाढ़ी, प्रखण्ड कार्यालय इटाढ़ी, अंचल कार्यालय इटाढ़ी, अनुमण्डल कार्यालय बक्सर, नगर पंचायत के अन्तर्गत स्थित थाना एवं डाकघरों पर चस्पाया गया है। इस प्रारूप मतदाता सूची पर 18 अप्रैल तक दावा आपत्ति किया जा सकता है। मतदाता निर्धारित प्रपत्र में दावा आपत्ति कर सकते है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशित होते ही लोगों ने निकाय चुनाव के नजदीक होने की उम्मीद बन गई है। जिस कारण संभावित मतदाता भी तैयारी में जुट गए हैं।



### 18 अप्रैल तक दायर की जा सकेंगी आपत्तियां

प्रखंड प्रशासन द्वारा नगर पंचायत इटाढ़ी के वार्ड संख्या 1 से 11 तक के मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। उपरोक्त सभी वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची आम लोगों व सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया गया है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र-2, 2 ए में तथा सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध सभी आपतियां प्रपत्र-3 में 18 अप्रैल 2023 तक दायर की जा सकेगी। दावें एवं आपतियां रिवाईजिंग अथरिटी के समक्ष आवेदित किये जाएंगे। साथ ही सूचना में विनिर्दिष्ट रिवाईजिंग अर्थोरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे। इसके साथ ही आपतियां डाक द्वारा भी दिये जा सकते है। जो आपतियां रिवाईजिंग ऑथरिटी को 18 अप्रैल 23 तक प्राप्त होगी उस पर तत्काल सुधार किया जाएगा।

### रिवाइजिंग आथरिटी में ये है शामिल

रिवाईजिंग ऑथोरिटी में प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी इटाढी हेमन्त कुमार चौबे मोबाइल नम्बर 7488397529, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी इटाढ़ी आकाश कुमार मोबाइल नंबर 7277103918, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी इटाढ़ी दिनेश कुमार सिंह, मोबाइल नम्बर 9934923531, प्रखण्ड आपूर्ति निरीक्षक इटाढ़ी सृजन कुमार श्रीवास्तव मोबाइल नम्बर 6260157092, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी इटाढी सुभाष कुमार राम मोबाइल नम्बर 9102379135, 8210728910, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी इटाढ़ी मनीष कुमार सिंह मोबाइल नम्बर 7004697096 एवं प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह मोबाइल नम्बर 9902338048 है। लोग दावा आपति प्रखण्ड कार्यालय इटाढ़ी स्थित निर्वाचन कार्यालय इटाढ़ी में पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 5 बजे तक कर सकते हैं।

### इन जगहों पर किया गया है प्रारूप का प्रकाशन

प्रारूप मतदाता सूची सर्व साधारण लोगों के निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत कार्यालय बक्सर, कार्यालय नगर पंचायत इटाढी, प्रखण्ड कार्यालय इटाढी, अंचल कार्यालय इटाढी, अनुमण्डल कार्यालय बक्सर, नगर पंचायत के अन्तर्गत स्थित थाना एवं नगर पंचायत के अंतर्गत स्थित डाकघर पर लगाया गया है।

### डुमरांव में भी प्रारूप सूची का प्रकाशन


एसडीओ कुमार पंकज की ओर से डुमरांव में भी सभी वार्डो का प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। 18 अप्रैल तक दावा आपत्ति किया जा सकता है। दावा आपत्ति अनुमंडल कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय आदि जगहों पर किया जाएगा। लोगों के ध्यानार्थ सभी निर्धारित जगहों पर इस प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है।

## एक नजर

### चौगाई प्रखंड कार्यालय में चापाकल तक नहीं, भीषण गर्मी में कैसे बुझेगी लोगों की प्यास

**चौगाई।** गर्मी के तेवर दिखाते ही चौगाई प्रखंड कार्यालय में पेयजल की समस्या गंभीर होने लगी है। यहा हर दिन आने वाले दर्जनों लोगों के साथ ही प्रखंडकर्मियों को भी पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। जिसका मुख्य वजह प्रखंड कार्यालय परिसर में चापाकल का नहीं होना है। यह भी ताज्जूब है कि जिस प्रखंड कार्यालय के सहारे पूरे प्रखंड में पेयजल के साथ ही अन्य मुलभूत जरूरततों तथा विकास कार्यों को अमली जामा पहनाया जाता है उसी के परिसर में महज एक चापाकल के अभाव में लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थानीय अधिकारी सबकुछ जानते हुए भी मौन साधे हुए है। जिससे गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की समस्याएं भी बढ़ते जा रही है। बता दें कि चौगाई प्रखंड और अंचल कार्यालय में हर रोज सैकड़ो लोग अपने कार्यों के सिलसिले में आते है। जिन्हें प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। चापाकल नहीं होने के कारण गर्मी शुरू होते ही पेयजल की संकट होना शुरू हो गया है। बताया जाता है कि पूर्व में एक चापाकल लगा था, लेकिन जब सीएचसी का निर्माण शुरू होते ही पूर्व में लगे चापाकल का सीएचसी भवन के नक्शे में चला गया और अस्पताल का निर्माण कार्य में बंद हो गया है। उसके बाद से लोग जैसे तैसे अपना प्यास बुझते थे। पर अब भीषण गर्मी शुरू होने से लोगो को पेयजल की समस्या बनने लगी है। और पानी के लिए इधर से उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वैसे में इस भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। बता दें कि जलापूर्ति वाला पानी भी सुबह नौ बजे के बाद गर्म हो जा रहा है, जो पीने लायक नहीं रह जाता है। ग्रामीण मनोज कुमार, हरेराम, सुनील कुमार, संतोष सिंह आदि ने प्रखंड कार्यालय में चापाकल नहीं होने पर नाराजगी जताई है।

### असम में आयोजित गज महोत्सव में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन



**बक्सर।** असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट एलीफेंट के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय गज महोत्सव में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे शामिल हो रहे हैं। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। महोत्सव 6 और 7 अप्रैल को होगा। ज्ञात हो कि भारत में एशियाई हाथियों की सबसे बड़ी और सबसे स्थिर आबादी है। 60 प्रतिशत से अधिक जंगली एशियाई हाथी भारत में हैं। 2017 में आयोजित अंतिम हाथी जनगणना में दर्ज की गई 29,964 हाथियों की आबादी भारतीय संस्कृति में निहित वन्यजीव संरक्षण के जुनून की बात करती है। भारत में 31 हाथी रिजर्व हैं। पिछले 3 वर्षों में, कर्नाटक राज्य द्वारा डांडेली एलीफेंट रिजर्व, नागालैंड द्वारा सिंगफन एलीफेंट रिजर्व और छत्तीसगढ़ में लेमरू एलीफेंट रिजर्व को अधिसूचित किया गया है। इससे देश के 14 राज्यों में हाथी अभ्यारण्य के तहत कुल क्षेत्रफल लगभग 76,508 वर्ग किमी हो गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। इसका बेहतरीन उदाहरण प्रोजेक्ट चीता है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई प्रकृति, वन्य जीव की विविध बातों को जानने को उत्सुक है। आजादी के अमृतकाल में 01 अप्रैल 2023 को प्रोजेक्ट टाइगर को 50 वर्ष पूरे हुए हैं। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 1973 को ही कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत की थी। मोदी सरकार के आने के बाद पिछले 8 वर्षो में देश में बाघों की संख्या दोगुनी हो गई और आज विश्व के सबसे अधिक 75 प्रतिशत बाघ हमारे देश में हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस महोत्सव में शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है।

### दियारावासियों को मिलेगा ऑर्गेनिक सरसों का तेल, पैलाडीह में शुरू हो रहा मिल

**डुमरांव।** मिलावटी सरसों तेल तथा रसायनिक खादों से उत्पादित सरसों स्वास्थ के लिए हानिकारक है। इसे जानते हुए भी वर्षों से लोग इस मीठे जहर को खाने को मजबूर है। लेकिन अब अनुमंडलवासियों को इस मीठे जहर को खाने से मुक्ति मिलेगी। बता दें कि आशा पड़री में शुक्रवार को दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी कोल्ड प्रेस तेल मिल का उदघाटन होने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस मिल में आर्गेनिक सरसों से ही तेल की पेराई की जाएगी। दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड क बैनर तले संचालित होने वाले इस मिल से लोगों को शुद्ध सरसों तेल का लाभ मिलेगा। इसका सबसे अधिक लाभ दियारावासियों को होगा। बता दें कि पैलाडीह सिमरी अंचल के पड़री पंचायत में शामिल है। इस मिल के संचालक सुरेन्द्र मिश्र, बिनोद तिवारी व रंजन मिश्र ने बताया कि उनका प्रयास लोगों तक शुद्ध सरसों तेल पहुंचाना है। ताकी उनका स्वास्थ सुरक्षित रहे। गौरतलब है कि दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा अपने एफपीओ के माध्यम से किसानों को पहले से ही आर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम

**राजपुर।** राजपुर स्थित आई प्ले आई लर्न स्कूल का 12वां वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के संस्थापक शारदा देवी ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि मुखिया अनिल सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित शिक्षक धनंजय मिश्र, राजू ठाकुर, हिटलर सिंह ने बेहर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर धनंजय मिश्र ने कहा कि बच्चों के अंदर काफी प्रतिभा है। मौके पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने किया।

# चिलहरी में घर में घुस महिला से मारपीट कर छीने गहने, आठ पर एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- पीड़िता का आरोप, आरोपी हमेशा उनके साथ मारपीट करते है ताकि हमलोग गांव छोड़कर भाग जाएं

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में एक महिला के साथ उसके घर में घुस मारपीट कर आभूषण छिनने तथा दुर्व्यवहार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता शारदा देवी पति सत्येन्द्र प्रसाद ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि सुबह करीब 8.30 बजे वह अपने दरवाजे पर थी इसी दौरान गांव के ही मुकेश गोंड, मिथिलेश गोंड, जितेन्द्र गोंड, पप्पू गोंड, चंदन गोंड, लालबाबू गोंड, सोनू गोंड आदि मिलकर मारपीट करने लगे इस दौरान मुकेश ने जबरन उसका साड़ी खोल ब्लाउज फाड़ दिए तथा सोने का मंगलसूत्र व चेन छिन लिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हमेशा उनके साथ मारपीट करते है ताकि हमलोग गांव छोड़कर भाग जाएं। पीड़िता ने बताया है कि सुनील गोंड उसे कट्टा दिखा जान से मारने की धमकी देता है। अन्य आरोपी भी अक्सर उसे परेशान करते हैं।

वहीं दूसरी तरफ हथेलीपुर मठिया गांव निवासी मोतीलाल भारती ने गांव के ही अमरनाथ भारती व नंदलाल भारती पर रात में घर का दरवाजा तोड़ उसकी शादीशुदा बेटी से मारपीट करने, बीच बचाव करने पर उसे भी पीटने, घर के सामानों को इधर उधर फेंकने तथा आभूषण व नगदी वाले बक्सा का ताला तोड़ उसमें रखे 10 हजार रूपए तथा बेटी के सारे आभूषण ले भागने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है।

**केस उठवाने के लिए मारपीट का लगाया आरोप:** वही चिलहरी गांव के तारकेश्वर गोंड ने स्थानीय पुलिस को आवेदन दे चिलहरी के गोलू सिंह व रामकुमार सिंह पर रात्रि पहर लोहे के राड से जानलेवा हमला कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह रात में काली मंदिर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने पिछे से उसके सर पर लोहे के रॉड से हमला किया है। पिछले साल इन लोगों द्वारा मेरे भतीजे की पिटाई की गई थी। जिसका कांड संख्या 276/22 दर्ज है। मारपीट के दौरान दोनों इस केस को उठाने का दबाव बना रहे थे और नहीं उठाने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहे थे। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कोरानसराय की अधेड़ महिला चार दिन से गायब, परिजन परेशान



**डुमरांव।** कोरानसराय की एक 45 वर्षीय महिला पिछले चार दिन से अपने घर से रहस्यमय तरीके से गायब है। जिस कारण परिजनों की चिंता बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशान महिला के बच्चें है। उक्त महिला की तलाश में दर-दर भटकने के बाद भी जब कुछ सुराग नहीं लगा तब परिजनों ने स्थानीय थाने में उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। अब परिजनों के साथ ही स्थानीय पुलिस भी उसकी पड़ताल में जुट गई है। गायब होने वाली महिला स्थानीय गांव निवासी सुरेश शाह की पत्नी सूर्यकुमारी देवी (45 वर्ष) है। सुरेश के बड़े भाई हरेराम शाह ने बताया कि वह रविवार को दोपहर से गायब है। जब शाम तक नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

# नावानगर सीएचसी में लगी आग, स्टोररूम जलकर राख

**केटी न्यूज/नावानगर**



नावानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अचानक आग लगने से स्टोररूम में रखे सामान जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड वाहन से आग पर काबू पाया गया। आग सीएचसी में की गई बिजली वायरिंग के शॉर्ट सर्किट से होने की बात कही जा रही है।

बताया जाता है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से स्टोर रुम में आग लग गई थी। पल भर में आग विकराल रूप धारण कर लिया था। आग से हजारों रुपये के सामान की क्षति का अनुमान है। साथ ही कई कागजात भी जल गए हैं। आग लगने के साथ ही अस्पताल के अधिकारी व कर्मी आग पर काबू पाने की भरपूर कोशिश किया। इधर सूचना पर वासुदेवा ओपीध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने अग्निशमन वाहन के साथ पहुंचे। तब जाकर आग पर पूर्णतः काबू पाया गया। इधर सीएचसी में मौजूद लोगों ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई थी। जिससे सीएचसी में घंटेभर अफरातफरी का माहौल हो गया था। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी चिकित्सक डा. कमलेश कुमार ने बताया कि सीएचसी के एक स्टोर रुम में आग लग गई थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। आग लगने से जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है। कुछ उपकरण व कागजात जले है।

### भटौली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में उमड़ रहे है हजारों श्रद्धालु

# बाल अवस्था से ही हर माता-पिता अपने बच्चों को भक्ति मार्ग से जोड़ें: प्रज्ञा पांडे

- मदन गिरी महाराज, परम पूज्य राघवानंद जी महाराज व भागवत भूषण की शिष्या प्रज्ञा पांडे कर रहे कथा वाचन

**केटी न्यूज/नावानगर**



नावानगर प्रखंड के भटौली गांव में श्री श्री 108 श्री त्यागी बाबा के सानिध्य में विगत 30 मार्च से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में हर दिन हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यह यज्ञ श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यज्ञ को सफल बनाने में समस्त ग्रामीण व क्षेत्र के लोगों का सहयोग बढ़ चढ़कर है। यज्ञ में कथावाचक के रूप में मदन गिरी महाराज, परम पूज्य राघवानंद जी महाराज व भागवत भूषण अयोध्या की शिष्या प्रज्ञा पांडे द्वारा श्रोताओं के बीच कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा सुनने के लिए क्षेत्र के एवं आस पास ग्रामीणों श्रद्धालु श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। कथावाचकों द्वारा राम व कृष्ण की महिमा पर बखान किया जा रहा है।

कथावाचक मदन गिरी जी महाराज ने कहा भगवान का स्मरण मात्र से ही लोग भवसागर को पार कर जाते हैं। सतयुग त्रेता द्वापर में भगवान को प्राप्त करने के लिए लोग हजारों लाखों वर्ष तपस्या करते थे। लेकिन इस कलिकाल में राम कृष्ण का नाम लेने मात्र से ही हम भवसागर को पार कर जाते हैं। वही कथावाचक राघवानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान का स्मरण इस प्रकार से करनी चाहिए ताकि उनके नामों का उच्चारण रोम रोम से होने लगे। सोते जगते समय मुख से भगवान का नाम निकल पड़े। वैसे ही व्यक्ति मृत्यु के समय भी भगवान के नामों का उच्चारण कर सकते हैं। तथा वे मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। वही कथा वाचिका प्रज्ञा पांडे ने कहा कि हर माता-पिता अभिभावक अपने बच्चों को बाल अवस्था से ही भक्ति के मार्गों से नाता जोड़ें। पढ़ाई के साथ साथ भक्ति मार्ग पर चलना अति आवश्यक है। वैसे बच्चें संस्कार रहित होते हैं। उन्हें बौद्धिक विकास होता है। उनके मार्ग में किसी तरह की बाधाएं उत्पन्न नहीं होती है। वे गलत कार्यो से भी हमेशा दूर रहेंगे। उनके माता-पिता भी सुखी संपन्न रहेंगे। हर कार्यों को करते हुए सत्संग से नाता जोड़नी चाहिए। प्रज्ञा पांडेय के कथामृत का पान करने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ सी मच गई है। यज्ञ स्थल पर भव्य मेला का भी आयोजन किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के यज्ञाचार्य विनय शास्त्री ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति 6 अप्रैल को भव्य भंडारे के साथ संपन्न होगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# चुनाव... तीन दशकों से मुहम्मदाबाद सीट पर है अंसारी बंधुओं का कब्जा

- निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही इस सीट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही भाजपा
- 1995 में भाजपा के टिकट पर पहली बार शांति देवी बनीं थी चेयरमैन

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनावी बयार रफ्तार पकड़ रही है। लेकिन सबकी निगाहें इस बार लंबे समय से अंसारी बंधुओं के कब्जे में रही नगरपालिका की मुहम्मदाबाद सीट पर गड़ी है। भाजपा सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व सभासद पद के उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं। मुहम्मदाबाद नगर में यह बस बात सबकी जुबान पर है कि तीन दशकों से चला आ रहा अंसारी बंधुओं का नगरपालिका मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष पद पर कब्जा इस बार भी खत्म होगा या नहीं दूसरी बार नगरपालिका पर भगवा लहराने में भाजपाई कितना कामयाब होंगे यह तो समय बताएगा। लेकिन इस बार सियासी चक्रव्यूह तैयार करने में राजनीतिक पंडित अभी से जुट गए हैं। क्योंकि योगी राज में अंसारी बंधुओं पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। अन्य प्रमुख दल भी इस मौके को भुनाने में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। देखा जाए तो भाजपा सरकार के तेवर के सामने अंसारी बंधुओं के समर्थक भी उनसे कन्नी काटने लगे हैं, जो लोग हमेशा अंसारी बंधुओं का जयकारा लगाते थे अब फाटक पर जाने में कतरा रहे हैं। इस कमजोरी का भारतीय जनता पार्टी कितना फायदा उठा सकती है यह तो समय बताएगा, लेकिन सियासी गोटी बिछाने में सभी जुटे हैं।

मुहम्मदाबाद नगर पालिका सीट के इतिहास पर नजर डालें तो इस सीट पर प्रथम




नगरपालिका अध्यक्ष याहिया खां थे। इसके बाद समाजसेवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभानुल्लाह अंसारी चेयरमैन बने, उनके बाद 17 वर्षों तक नगरपालिका मुहम्मदाबाद का चुनाव नहीं हुआ। 1988-89 में एजाजुल हक मुहम्मदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। 1995 में भाजपा के टिकट पर शांति देवी पत्नी विंध्याचल नेता अध्यक्ष बनीं। शांति देवी भाजपा की पहली नगरपालिका अध्यक्ष हैं। सन 2002 में 2007 में लगातार दो बार शमीम अहमद अध?यक्ष निर्वाचित हुए। 2012 में एक बार फिर एजाजुल हक अध्यक्ष निर्वाचित हुए और 2017 में तीसरी बार शमीम अहमद अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नगरपालिका मुहम्मदाबाद में कुल 32324 मतदाता हैं, जिसमें 17015 पुरुष व 15309 महिला मतदाता हैं।

निकाय चुनाव 2023 में सपा और भाजपा में सीधी टक्कर दिखाई दे रही है। लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि क्या इस बार तिलिस्म टूटेगा या सीट पर फिर अंसारी बंधुओं का ही कब्जा रहेगा ?

ऐसे इस बार सपा से आमीर हमजा, रईस अहमद और शमीम अहमद टिकट मांग रहे हैं। वहीं भाजपा से तेजू यादव, दीपू गुप्ता, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, राकेश मद्देशिया उर्फ सोनू और बसपा से लालजी मास्टर टिकट के लिए प्रबल दावेदार हैं। इस बार नगर पालिका चुनाव में भाजपा सहित प्रमुख दलों का टिकट फाइनल होते ही यहां का चुनाव दिलचस्प होगा। अंततः चुनावी समीकरण किसके पक्ष में जाएगा यह कहना अभी मुश्किल है।

## 11 अप्रैल के बाद निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने की जताई जा रही है संभावना

# निकाय चुनाव का बिगुल बजा... इस बार भाजपा और सपा में होगी कांटे की टक्कर

**केटी न्यूज/बलिया**



- आरक्षण सूची बदलने के बाद चुनाव का माहौल भी बदला
- सपा से कई दावेदार अभी से ठोक रहे हैं चुनावी ताल

सम्भावना यह है कि 11 अप्रैल के बाद निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। लेकिन उसके पहले विभिन्न राजनैतिक दलों में प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अन्दरखानों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि दावेदारों के आवेदन लिये जा रहे है। उसके बाद उसकी अलग सूची तैयार होगीए फिर एक बड़ी बैठक होगी, जिसमें निर्णय लिये जायेंगे। उसके बाद वह फाइनल सूची पार्टी मुख्यालय भेजी जायेगी। आरक्षण बदलने के बाद माहौल भी बदल गया है।

बलिया नगर पालिका परिषद से महिलाओं के लिए चेयरमैन पद का पद आनारक्षित था। कुछ दिनों तक महिला दावेदारों की एक लम्बी कतार राजनैतिक दलों में टिकट के लिए देखी जा रही थी। जनसम्पर्क के माध्यम से महिला दावेदार अपने लिए सबसे समर्थन मांग रही थी। लेकिन आरक्षण बदलने के बाद अब वर्तमान समय में बलिया नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष पद सामान्य हो चुका है। ऐसी स्थिति में अब जो पुरूष दावेदार पीछे हट चुके थे अब वह आगे आ चुके है। भाजपा से कई दावेदारों ने दावेदारी की है। वहीं सपा से भी कई दावेदार अभी से चुनावी ताल ठोक रहे है। एक चर्चा यह भी है कि बहुत जल्द सपा अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकती है। यह तभी होगा जब चुनावी बिगुल बजेगा। वहीं भाजपा भी अपने दावेदारों की सूची तैयार करके अंत में एक फाइनल सूची तैयार करेगीए जिसमें कुछ लोगों का नाम ही शामिल रहेगा।

**बांसडीह में निर्दल प्रत्याशी भी ठोकेंगे ताल :** निकाय चुनाव को देखते हुए बांसडीह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों से कई दावेदार टिकट की लाइन में खड़े है। वहीं निर्दल प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहेंगेए जिसको लेकर रणनीति बना रहे है। वैसे भाजपा व सपाए कांग्रेसए बसपा सहित अन्य दलों से दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है। लेकिन कौन किस दल से लड़ेगा यह वक्त तय करेगा।

**रेवती नगर पंचायत से कौन लड़ेगा चुनाव :** रेवती नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के सीट से कौन बीजेपी से लड़ेगा और कौन सपा से लड़ेगा इसकी चचाएं शुरू हो चुकी है। वैसे यहां बसपाए कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों से दावेदार चुनाव मैदान में आ सकते है। वहीं निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में रहेंगे। पिछले निकाय चुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में जयश्री पाण्डेय ने अध्यक्ष पद की जीत हासिल की थी।

**सहतवार से किसके बीच होगा मुकाबला :** सहतवार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के अलावा निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में होंगे। वैसे इस नगर पंचायत में एक ही परिवार का कई वर्षों से नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर कब्जा रहा है। अब देखना यह होगा कि इस बार निर्वतमान अध्यक्ष से किसका मुकाबला होता है। वैसे यहां नीरज सिंह गुड्डू अभी से चुनाव रणनीति तैयार करने में जुटे हुए है। वहीं अजय सिंह इस बार जोर शोर से चुनाव लड़ने के मूड में है। उनकी भी जोरदार तरीके से तैयारी चल रही है। वहीं नीतू सिंह भी इस बार भी चुनाव मैदान में ताल ठोकेंगीए जिसको लेकर वह जोर शोर से लगी हुई है। इसके अलावा और भी दावेदार चुनाव मैदान में है।

**हमेशा राजनीतिक सुखियों में रहता है मनियर :** हमेशा राजनैतिक सुर्खियों में रहने वाला मनियर नगर पंचायत में इस बार के चुनाव में किसके सिर पर सेहरा बंधेगा यह तो चुनाव बाद ही पता चलेगा। देखना यह होगा कि भाजपाए सपा सहित अन्य दलों से किसके नाम का खाता खुलता है। वैसे यहां दावेदारों की संख्या कम देखी जा रही है।

**सिकंदरपुर नगर पंचायत में सभी दलों में मची होड :** सिकन्दरपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने वाले निर्दल प्रत्याशी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों से दावेदारी करने वाले दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है। अब देखना यह होगा कि इस बार कौन भाजपा से और कौन सपा प्रत्याशी होता है। वैसे इस बार यहां बसपाए कांग्रेस सहित अन्य दलों से भी दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है।

## भागड़नाले में दोस्तों के साथ नहा रहे किशोर की डूबने से मौत, कोहराम

**बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तिवारी के मिल्की के निकट भागड़ नाला में बुधवार को अपने मित्रों के साथ नहा रहे किशोर की डूबने से मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने भागड़ नाले से शव को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने भी मृत होने की पुष्टि कर दी। बता दें कि संतोष वर्मा निवासी जवाहर टोला का 15 वर्षीय पुत्र आनंद वर्मा दोपहर को अपने तीन.चार मित्रों के साथ गांव के सामने ही भागड़ नाला में नहाने के लिए उतरा था। जहां अचानक गहरे पानी में चले जाने से आनंद डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके अन्य मित्र भागड़ नाले से चिखते चिल्लाते हुए निकलकर भाग खड़े हुए। फिर बच्चों का चीखना चिल्लाना सुन कुछ ग्रामीण मौके पर जुट गए। एक साहसी युवक भागड़ नाले में उतर कर आनंद को बाहर निकाला। उसे लोग सोनबरसा अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक अत्यंत गरीब परिवार से था। पिता मंदबुद्धि हैं। मां मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है। आनंद दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई बदन वर्मा 12 वर्ष का है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि डूबने से किशोर की मौत हुई है। अभी परिजनों द्वारा तहरीर नहीं मिली है।

## प्रीतम के भाई ने अपनी मौसी व उनकी लड़की पर लगाया हत्या की साजिश रचने का आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**

देवकली गांव में बीते रविवार को लाठी डंडे से पीटकर प्रीतम पाठक की हत्या के मामले में बड़े भाई पीयूष पाठक ने मौसी व उनकी लड़की पर भाई की हत्या का साजिश रचने का आरोप लगाया। सीओ सिटी राजेश तिवारी से इसकी शिकायत की। पीयूष ने बताया कि परिखरा निवासी रोहित मिश्रा व मौसी की लड़की के बीच तीन वर्षों से प्रेम सम्बंध है। कुछ माह पूर्व रोहित ने बहन से जबरदस्ती मोबाइल छीन लिया था। प्रीतम ने मोबाइल देने के साथ रोहित से दूर रहने की हिदायद दी थी।

इसके बाद भी दोनों अक्सर एक दूसरे से मिलते जुलते थे। घटना के दिन मौसी से मिलने के दौरान प्रीतम ने बहन से रोहित से बात न करने व दूर रहने के लिए कहा। रोहित के प्यार में पागल बहन को बुरा लगा। उसने प्रेमी रोहित से शिकायत कर दी। इससे आक्रोशित रोहित अपने दर्जनों साथियों के साथ प्रीतम का इंतजार करने लगा। घर से निकलने पर बहन ने प्रेमी इस बारे में बता दिया। पहले से घात लगाए रोहित ने अचानक हमला बोल दिया। पीयूष ने बताया कि घटना के बाद जिला अस्पताल में मौसी की लड़की बार-बार आरोपी को हम लोगों के बारे में सभी जानकारी दे रही थी। पूछने पर सिम तोड़ दिया। आरोपी सोशल साइट के माध्यम से मौसी की लड़की से सम्पर्क में थे।

**सूदखोरी के आरोपी का बेटा है रोहित :** असलहा व्यापारी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या के आरोपी सुनिल मिश्रा का बेटा मुख्य आरोपी रोहित मिश्रा है। बचपन में पढ़ने में होशियार गलत रास्ते पर चलने लगा। छोटे-छोटे मामले में बरी होने के कारण मनबढ़ हो गया। क्षेत्र में आए दिन छोटे-मोटे विवादों में नाम आने लगा। कुछ माह पूर्व आनन्द नगर में घर के बाहर हुई फायरिंग में भी आरोपी था।

## पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर गांव के सामने मंगलवार की देर रात अनियंत्रित बाइक पेड़ से जा टकराई। घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। क्षेत्र के भोपतिपुर निवासी दिनेश लाल यादव (23) और सीताराम अशोक यादव (25) बाइक से रात में घर जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही कमालपुर अंबेडकर मूर्ति के सामने पहुंचे। बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

हादसे में दिनेश लाल यादव की मौके पर मौत हो गई। जबकि अशोक यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद तेज आवाज सुन आस-पास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा घायल और मृत युवक को लेकर कासिमाबाद अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने दिनेश लाल यादव को मृत घोषित कर दिया। उधर अशोक यादव की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कासिमाबाद के कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एमएलसी ने हरी झंडी दिखाकर किया देवकली बरहपुर के प्रांगण से "स्कूल चलो अभियान" नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

# परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का लक्ष्य

- अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर किया गया

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



ब्लॉक संसाधन केंद्र शिक्षा क्षेत्र देवकली बरहपुर के प्रांगण में स्कूल चलो अभियान नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी सैदपुर उपेन्द्र पटेल रहे। अतिथियों का स्वागत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी हेमंत राव ने पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर किया। जबकि बीएसए का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी देवकली द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात कंपोजिट विद्यालय बरहपुर की छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना गीत एवं कंपोजिट विद्यालय रामपुर मांझा की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत हुआ।

नवीन शैक्षिक सत्र 2023-24 में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराया जाए। इसके लिए प्रदेश सरकार दृढ संकल्पित है। इसी क्रम में एमएलसी द्वारा 10 बच्चों का नामांकन प्रवेश फॉर्म भरकर किया गया। तत्पश्चात नामांकित छात्रों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक भी वितरित करते हुए बच्चों में मिष्ठान भी वितरित किया गया। तत्पश्चात कंपोजिट विद्यालय बुढ़नपुर एवं तारडीह के बच्चों द्वारा क्रमशः जुडो-कराटे एवं योगा प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके उपरान्त कक्षा स्तर के अनुरूप भाषा एवं गणित विषय के निर्धारित निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले 10-10 निपुण बालक एवं बालिकाओं को मुख्य अतिथि एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। तत्पश्चात कक्षा कक्ष संचालन में सकारात्मक योगदान एवं नवाचार के क्षेत्र में किए गए कार्यों को करने वाले ब्लाक के सर्वोत्तम अध्यापक एवं शिक्षामित्रों, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत किए गए उल्लेखनीय कार्य करने वाले विकास खण्ड देवकली के 10 ग्राम प्रधानों एवं सामुदायिक सहभागिता में सक्रिय योगदान देने वाले विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को भी विधान परिषद सदस्य, उपजिलाधिकारी सैदपुर एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। तत्पश्चात विकास खंड देवकली के अध्यापकों द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बाइक रैली निकाल कर जन समुदाय को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया।

विधान परिषद सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाँव का प्रत्येक बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उपजिलाधिकारी सैदपुर ने वहां उपस्थित ग्रामवासियों से आवाहन किया कि जनसमुदाय को अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन अपने नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में कराने को कहा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी हेमंत राव ने कहा कि जिस तरह पिछले शैक्षिक सत्र में जो उपलब्धि जनपद को प्राप्त हुई थी, इस वर्ष भी उसी उर्जा के साथ छह से 14 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बेसिक विभाग कटिबद्ध है।

## एक नजर

### ओबीसी समाज को बरगलाना बंद करे भाजपा



**बलिया।** नौ सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में धरना दिया। कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा जानवरों की गिनती करना, मगर ओबीसी की गिनती न करना ओबीसी का सबसे बड़ा अपमान है। कहा कि जिस ओबीसी वर्ग का वोट लेकर भाजपा सत्ता में आई है, उसी ओबीसी समाज को भाजपा सरकार ने हमेशा नीचा दिखाने का काम किया है। वह चाहे नौकरी में हो या सरकारी ठेका में हो। आवाज बुलंद किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में यही ओबीसी समाज भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार खुदको बचाने के लिए राहुल गांधी को टार्गेट कर रही हैं और आरोपी लगा रही है कि राहुल गांधी ने ओबीसी वर्ग का अपमान किया है। जबकि सही मायने में ओबीसी का अपमान और हक मारने का काम अगर कोई किया है तो वह भाजपा सरकार ने किया है। मांग किया कि चुनाव में ईवीएम का प्रयोग बंद हो। निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए। एमएसपी का गारंटी कानून बनाकर किसानों को दिया जाए। विकास के नाम पर, जानवरों के संरक्षण के नाम पर आदिवासियों को उनके जल, जंगल और जमीन से विस्थापित करना बंद किया जाए। एससी, एसटी व ओबीसी छात्रों की रोकी गई स्कालरशिप तत्काल प्रभाव से दी जाए तथा फीस वृद्धि के अनुपात में स्कॉलरशिप बढ़ाई जाए।

### रोटरी क्लब को विभिन्न श्रेणियों में मिले 12 पुरस्कार




**बलिया।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 द्वारा सत्र 2021- 2022 हेतु गोल्डन ब्लाज्म रिसोर्ट लखनऊ में 2 अप्रैल 2023 को आयोजित वार्षिक अवार्ड वितरण समारोह में रोटरी क्लब बलिया को जनकल्याणकारी सर्वोत्तम कार्यों हेतु विभिन्न श्रेणियों में कुल 12 पुरस्कार प्राप्त हुए। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष क्लब द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों हेतु रोटरी गवर्नर द्वारा वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में यह आयोजन लखनऊ में हुआ जिसमें रोटेरियन श्री हर्ष श्रीवास्तव को सत्र 2021-2022 के सर्वोत्तम जनकल्याणकारी कार्यों हेतु विभिन्न श्रेणियों में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता व रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर समर राज गर्ग के द्वारा रोटरी क्लब, बलिया को कुल 12 पुरस्कार दिए गए। जिनमें डायमंड सिल्वर व प्रशंसा मुख्य रहे। रोटरी क्लब बलिया द्वारा कोरोना कॉल की विषम आपदा के दौरान चिकित्सीय सहयोग जनपद को मुहैया कराया गया। जिसमें महिला अस्पताल बलिया में ऑक्सीजन प्लांट लगाना, नवजात बाल के लिए बेबी बार्नर सहित तमाम चिकित्सीय मदद उपलब्ध कराए गए। इन कार्यों की सराहना व भूरी भूरी प्रशंसा उच्चाधिकारियों द्वारा की गई। हर्ष श्रीवास्तव को विशेष पुरस्कारों से नवाजे जाने का मुख्य कारण कोरोना काल दौरान महत्वपूर्ण कार्य कराया जाना है। रोटे. हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि रोटरी क्लब बलिया के सहयोग से सभी कार्य कोरोना काल के विषम काल में भी सब कुशल संपन्न हुए रोटरी के गवर्नर द्वारा रोटेरियन हर्ष श्रीवास्तव के अतिरिक्त रोटेरियन एसएस श्रीवास्तव रोटेरियन शिखर सहगल के उत्तम कार्यों के लिए सराहना हुई।

### अगलगी में लगभग 20 किसानों की फसल जली



**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के पिपरा कलां गांव के सिवान में खेत में खड़ी फसलों में आग लगने से करीब बीस बीघा से अधिक फसल जल कर राख हो गई इस भीषण अग्नि कांड में डेढ़ दर्जन से अधिक किसानों का लाखों का नुकसान हो गया। बुधवार की दोपहर पिपरा कलां गांव के बाहर सिवान में मुन्ना सिंह धर्मराज के गेहूं के खेत से आग की लपटे उठनी शुरू हुई और तेज पछुआ हवा ने आग में घी का काम किया। इसके बाद आग तेजी से फैलने लगा। जिसे देख किसान चिल्लाते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की एवं एक हार्वेस्टर की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। तब तक पिपरा कलां गांव के किसान विश्वनाथ सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, सुदर्शन, हरिशंकर सिंह,भीम सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह अजय सिंह, मायाशंकर सिंह, दीपराज देवी, जयप्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह,धीरज सिंह सहित डेढ़ दर्जन से अधिक किसानों की गेहूं एवं मसूर की खेत में रखी फसल जल कर राख हो गई। घटना के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक किसानों की फसलें स्वाहा हो चुकी थी। इस अग्नि कांड में किसानों का लाखों का नुकसान हुआ है कुछ किसानों ने तो इन्हीं फसलों के सहारे आगे के सपने संजोए थे, लेकिन इस भीषण अग्निकांड ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है।

### पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर विकास भवन पर होगा ऐतिहासिक आंदोलन: दुर्गेश

**गाजीपुर।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। जिसमें कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जनपद मुख्यालय विकास भवन पर 11 अप्रैल को पूर्वाह्न दस बजे से एक दिवसीय धरना -प्रदर्शन होगा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाल किया जाए, सातवें वेतन आयोग के संस्तुतियों के उपरांत व्याप्त विसंगतियों को दूर करते हुए उसका पूर्ण लाभ दिया जाए। आउटसोर्सिंग एवं संविदा आदि पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा संबंधी सुरक्षा भविष्य में स्थाईकरण के लिए नीति तथा समान्य कार्य समान्य वेतन लागू किया जाए। महंगाई भत्ते का एरियर भी अनुमन्य किया जाए। शेष बचे राजकीय निगमों के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ अनुमन्य किया जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती खोलते हुए स्वीकृत पदों पर सीधी भर्ती की जाए। सभी लम्बित मांगों को लेकर विकास भवन में धरना- प्रदर्शन करते हुए डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संज्ञान के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में एसपी गिरी, अरविंद कुमार सिंह, विनोद पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, आलोक श्रीवास्तव, अजित विजेता, देवेंद्र मौर्या, राजेश कुमार, अभय सिंह, चन्दन कुमार, जय प्रकाश सिंह, गिरजा कुशवाहा, गोविन्द रामेश, बृजेश, रामावतार, विनोद, आलोक, अश्वनी सिंह, अजमत आदि लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव व संचालन ओंकारनाथ पांडेय ने किया।

### माले नेताओं ने धरना किया समाप्त

**बलिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले ने विद्युत उपकेंद्र मनियर पर धरना दिया। उप जिलाधिकारी बांसडीह और विद्युत विभाग के एक्सियन के टेलीफोनिक वार्ता के बाद इस आश्वासन पर धरना समाप्त किया कि एक्सिएन व एस डी एम 6 अप्रैल को विद्युत उपकेंद्र मनियर पर उपस्थित रहेंगे ।उनके बीच वार्ता होगी। आश्वासन पर माले नेताओं ने 5 अप्रैल को विद्युत उपकेन्द्र मनियर पर चल रहे अपने धरने को समाप्त किया। नेताओं के अनुसार एक्सीयन ने फोन पर माले नेताओं से न आने का दुःख व्यक्त किया और अगले दिन 6 अप्रैल को 12 बजे दिन में आने को कहा। माले नेता और जनता ने आपस में बात करने के बाद तय किया कि कल हजारों लोग जुटेंगे। कार्यक्रम में श्रीराम चौधरी, बशिष्ठ राजभर, लाल साहब, मुन्नी सिंह, राधेश्याम चौहान, लीलावती, जनार्दन सिंह व अन्य थे।